**परिशिष्ट-I**

## आवेदन कैसे करें

उम्मीदवारों को 21 सितंबर से 11 अक्तूबर 2019 तक बैंक की वेबसाइट अर्थात www.rbi.org.in के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा । आवेदन का कोई अन्य माध्यम/तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

ग्रेड बी (सीधी भर्ती)-सामान्य तथा ग्रेड बी (सीधी भर्ती) आनिअवि/सांसूप्रवि (जो भी हो) दोनों पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि वे दोनों के लिए अलग- अलग लिंकों से आवेदन करें तथा दोनों के लिए शुल्क का भुगतान करें।

**(क) ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पूर्वापेक्षा:**

ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवारों को निम्नलिखित तैयारी करनी चाहिए—

(i) निम्नलिखित को स्कैन करें:

- फोटोग्राफ (4.5 सेमी × 3.5 सेमी)
- हस्ताक्षर
- बाएं हाथ के अंगूठे का निशान
- एक हस्तलिखित घोषणा (पाठ नीचे दिया गया है)

यह सुनिश्चित करें कि सभी स्कैन किए गए दस्तावेज निम्नलिखित विनिर्दिष्टताओं का पालन करते हों।

(ii) अंग्रेजी के बड़े अक्षरों (कैपीटल लेटर) में हस्ताक्षर स्वीकार नहीं होगें।

(iii) बाएं हाथ के अंगूठे का निशान उचित रूप से स्कैन किया गया हो। यह फैला हुआ न हो। **(यदि किसी उम्मीदवार का बायां अंगूठा न हो तो वे आवेदन करने के लिए दाएं अंगूठे का प्रयोग करें।)**

(iv) हस्तलिखित घोषणा के लिए पाठ निम्नानुसार है-

"मैं, ______________________________(उम्मीदवार का नाम) एतद् द्वारा यह घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा आवेदन फार्म में दी गई सभी जानकारी सही, सत्य तथा वैध है। जब भी आवश्यकता होगी में इनके समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करुंगा/करुंगी।"

उक्त हस्तलिखित घोषणा उम्मीदवार की लिखाई में तथा केवल अंग्रेजी में होनी चाहिए। यदि यह किसी और द्वारा लिखी तथा किसी अन्य द्वारा अपलोड की जाएगी अथवा किसी अन्य भाषा में होगी तो आवेदन को अवैध समझा जाएगा। **(दृष्टिबाधित उम्मीदवार जो स्वयं नहीं लिख सकते वे घोषणा टाईप करवा लें तथा टाईप की गई घोषणा के नीचे अपने बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगाएं तथा विनिर्दिष्ट किए अनुसार दस्तावेज अपलोड करें।)**

(v) अपेक्षित आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का **ऑनलाइन भुगतान** किए जाने के लिए आवश्यक ब्यौरे/दस्तावेज तैयार रखें ।

(vi) उम्मीदवार के पास एक वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए जिसे भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए । बैंक द्वारा बुलावा पत्र डाउनलोड किए जाने के लिए सूचना

पंजीकृत इ-मेल आईडी के माध्यम से दी जाएगी। यदि उम्मीदवार के पास वैध ई-मेल आईडी न हो तो ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उन्हें अपना नया ई-मेल आईडी बना लेना चाहिए तथा मोबाइल नंबर प्राप्त कर लेना चाहिए तथा इस ईमेल एकाउंट तथा मोबाइल नंबर को सक्रिय रखा जाना चाहिए।

(vii) **बोर्ड ईमेल/एसएमएस के अलावा किसी अन्य तरीके से कोई सूचना नहीं भेजता है।** पूरी भर्ती प्रक्रिया में ई-मेल आईडी में परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।

**(ख) ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया**

(i) दिनांक 01 सितंबर 2019 को पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि पहले वे बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in>Opportunities @ RBI>Current Vacancies>Vacancies में यूआरएल "Officers in Gr. 'B' (DR) General/DEPR/DSIM" पर जाएं तथा ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए विज्ञापन पृष्ठ पर हाइपरलिंक "Online Application Form" पर क्लिक करें। यह उम्मीदवार को ऑनलाइन पंजीकरण के पृष्ठ पर ले जाएगा।

(ii) उम्मीदवारों को अपने आधारभूत ब्यौरे भरने होंगे तथा दिए गए विनिर्देशों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटोग्राफ, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, हस्तलिखित घोषणा तथा हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे।

(iii) आवेदन के पंजीकरण के लिए "Click here for New Registration" टैब का चयन करें तथा नाम, संपर्क ब्योरे तथा ई-मेल आईडी भरें। सिस्टम द्वारा एक अनंतिम पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड तैयार किया जाएगा तथा स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। उम्मीदवार अनंतिम पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड लिखकर रख लें। अनंतिम पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड दर्शाता हुआ एक ई-मेल तथा एसएमएस भी भेजा जाएगा।

(iv) यदि उम्मीदवार एक ही बार में आवेदन फार्म पूरा न भर पाए तो वे "SAVE AND NEXT" टैब का चयन करके पहले से भरे हुए डेटा को सेव (SAVE) कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पहले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में भरे हुए ब्यौरों की जांच तथा यदि आवश्यक हो तो इन्हें संशोधित करने के लिए "SAVE AND NEXT" सुविधा का उपयोग करें। दृष्टिहीन उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें तथा ब्योरों की जांच करें/करवाएं ताकि प्रस्तुत करने से पहले यह सुनिश्चित किया जा सके कि ब्यौरे सही हैं।

(v) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ब्यौरे ध्यानपूर्वक भरें तथा ऑनलाइन आवेदन में भरे हुए ब्यौरों की जांच स्वयं करें क्योंकि "FINAL SUBMIT BUTTON" पर क्लिक करने के बाद कोई परिवर्तन किया जाना संभव नहीं होगा/किसी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vi) आवेदन में उम्मीदवार अथवा उनके पिता/पति आदि के नाम की सही स्पैलिंग लिखें जैसा की फोटो पहचान प्रमाण/प्रमाणपत्र/अंक पत्रक में दी गई है। इसमें परिवर्तन/फेर बदल पाए जाने पर उम्मीदवार को अयोग्य ठहराया जा सकता है।

(vii) 'Validate your details' तथा 'Save & Next' बटन पर क्लिक करके अपने ब्यौरों की पुष्टि करें तथा आवेदन को सेव करें।

(viii) फोटोग्राफ, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, हस्तलिखित घोषणा तथा हस्ताक्षर की स्कैनिंग तथा अपलोड

करने के लिए दिए गए दिशानिर्देशों में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार उम्मीदवार दस्तावेजों की स्कैनिंग तथा अपलोड करने के लिए आगे बढ़ें।

(ix) इसके बाद उम्मीदवार आवेदन के अन्य ब्योरे भर सकते हैं।

(x) अंतिम रूप से प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रीव्यू टैब पर क्लिक करें तथा संपूर्ण आवेदन की जांच करें।

(xi) यदि आवश्यक हो तो ब्यौरे संशोधित करें तथा जांच करके यह सुनिश्चित करने के बाद ही कि फोटोग्राफ, हस्ताक्षर तथा आपके द्वारा भरे गए अन्य ब्यौरे सही हैं FINAL SUBMIT पर क्लिक करें।

(xii) ‘Payment’ टैब पर क्लिक करें तथा भुगतान करें।

(xiii) ‘Submit’ बटन पर क्लिक करें।

(xiv) ऑनलाइन आवेदन को सही तरीके से भरने के लिए केवल उम्मीदवार उत्तरदायी होंगे । बोर्ड द्वारा उम्मीदवार द्वारा की गई गलतियों के कारण अवैध आवेदनों के मामले में जमा हुए आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार की वापसी के लिए किसी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा

(xv) अंतिम समय में भीड़भाड़ से बचने के लिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान तथा ऑनलाइन पंजीकरण शीघ्रतिशीघ्र करें ।

(xvi) अंतिम दिन तक उक्त कारणों अथवा बैंक के नियंत्रण से परे किसी अन्य कारण से उम्मीदवार के आवेदन जमा करने में असमर्थ होने के लिए बोर्ड कोई दायित्व नहीं लेता ।

**(ग) आवेदन शुल्क/ सूचना प्रभार के भुगतान का तरीका:** उम्मीदवारों को अपेक्षित शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान केवल ऑनलाइन तरीके से ही करना होगा:

(i) आवेदन फार्म भुगतान गेटवे के साथ एकीकृत है तथा अनुदेशों का पालन करके भुगतान प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

(ii) भुगतान डेबिट कार्ड (रुपे/वीजा/मास्टरकार्ड/माइस्रो), क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस,कैश कार्ड, मोबाईल वॉलट द्वारा किया जा सकता है ।

(iii) ऑनलाइन आवेदन फार्म में अपनी भुगतान जानकारी प्रस्तुत करने के बाद कृपया सर्वर से सूचना प्राप्त करने के लिए प्रतीक्षा करें, दो बार भुगतान किए जाने से बचने के लिए Back या Refresh बटन न दबाएं ।

(iv) लेनदेन (भुगतान कार्य) सफलतापूर्वक पूरा होने पर ई-रसीद तैयार होगी।

(v) ‘ई-रसीद’ तैयार न होना असफल भुगतान को दर्शाता है। भुगतान असफल होने पर उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी अनंतिम पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड का प्रयोग करके पुन: लॉग इन करें तथा भुगतान प्रक्रिया दोहराएं।

(vi) उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि वे ई-रसीद तथा ऑनलाइन आवेदन फार्म का प्रिंटआउट निकाल लें। कृपया नोट करें कि यदि यह तैयार नहीं होते हैं तो ऑनलाइन लेनदेन सफल नहीं होता।

(vii) क्रेडिट कार्ड प्रयोक्ताओं के लिए: सभी प्रभार भारतीय रुपये में दिए गए हैं । यदि आप गैर-भारतीय क्रेडिट कार्ड का प्रयोग कर रहे हैं तो आपका बैंक प्रचलित विनिमय दरों के आधार पर इसे आपकी स्थानीय मुद्रा में बदल देगा ।

(viii) आपके आंकड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कृपया आपका लेनदेन पूरा होने पर ब्राउजर विंडो को बंद करें ।

(ix) शुल्क के भुगतान के बाद शुल्क भुगतान के ब्यौरे सहित आवेदन फार्म को प्रिन्ट करने की सुविधा दिनांक 21 अक्तूबर 2019 तक उपलब्ध होगी ।

**(घ) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन तथा अपलोड करने के लिए दिशानिर्देश**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार के लिए अपेक्षित है कि उसके पास, नीचे दिए गए विशेष विवरण के अनुसार, उसके फोटो तथा हस्ताक्षर का स्कैन किया गया (डिजिटल) प्रतिरूप (इमेज) हो ।

**फोटोग्राफ इमेज :** (4.5 सेमी × 3.5 सेमी)

- आपका फोटोग्राफ नवीनतम और पासपोर्ट आकार का, हलके रंग की बैकग्राउंड में, सफेद हो तो बेहतर होगा, कलर फोटो होना चाहिए ।
- शांत चेहरे से सीधे कैमरे की तरफ देखें ।
- यदि फोटो धूप में लिया जा रहा हो तो इस प्रकार फोटो खींचे कि सूर्य आपके पीछे की ओर हो अथवा खुद को छाया में रखते हुए फोटो खिंचवाएं ताकि आपकी आंखें बंद नहीं हों और परछाई भी नहीं बने ।
- यदि फ्लैश का प्रयोग किया हो तो 'रेड आई' नहीं आने पाए।
- यदि आप चश्मा लगाते हों तो ध्यान रखें कि कोई परावर्तन न हो तथा चश्मे के लेन्स से आपकी आंखें साफ दिखाई दें ।
- टोपी, हैट और गहरे रंग के चश्मे वाले फोटो स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सिर पर पहने जाने वाले धार्मिक वस्त्रों की अनुमति है लेकिन इससे आपका चेहरा ढका नहीं होना चाहिए ।
- आयाम 200×230 पिक्सेल (बेहतर होगा)।
- फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी के बीच रहे।
- यह सुनिश्चित कर लें कि स्कैन की हुई इमेज फाइल का आकार 50KB से ज्यादा नहीं हो। यदि फाइल का आकार 50 KB से अधिक बन रहा हो तो स्कैनिंग प्रक्रिया के दौरान DPI रिजोल्यूशन, कलर संख्या आदि के लिए स्कैनर की सेटिंग बदल लें ।

**हस्ताक्षर, बाएं हाथ का अंगूठा तथा हस्तलिखित घोषणा की इमेज:**

- आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही से हस्ताक्षर करें ।
- आवेदक सफेद कागज पर काली अथवा नीली स्याही से बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगाएं।
- आवेदक घोषणा सफेद कागज पर काली स्याही से अंग्रेजी में स्पष्ट रूप से लिखें।
- हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान तथा हस्तलिखित घोषणा आवेदक की स्वयं की हो। कोई अन्य व्यक्ति ये न करे।
- हस्ताक्षर का प्रयोग बुलाव पत्र तथा जहां कहीं भी आवश्यक होगा किया जाएगा।
- यदि परीक्षा के समय हस्ताक्षरित उपस्थिति पत्रक अथवा बुलाव पत्र अपलोड किए गए हस्ताक्षर से नहीं मिलता तो आवेदक को अयोग्य ठहरा दिया जाएगा।
- आयाम 140 × 60 पिक्सेल (बेहतर होगा)।

- हस्ताक्षर तथा बाएं हाथ के अंगूठे के निशान के लिए फाइल का आकार 10केबी-20केबी के बीच रहे।
- हस्तलिखित घोषणा के लिए फाइल का आकार 20-50केबी के बीच रहे।
- यह सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई ईमेज का आकार 20केबी अथवा 50 केबी (हस्तलिखित घोषणा के लिए) से अधिक न हो।
- अंग्रेजी के बड़े अक्षरों (कैपीटल लेटर) में हस्ताक्षर/हस्तलिखित घोषणा स्वीकार नहीं की जाएगीं।

**दस्तावेजों की स्कैनिंग :**

- स्कैनर को न्यूनतम 200 dpi (डॉट्स पर इंच) के रिजोल्यूशन पर रखें।
- कलर को True Color पर रखें।
- फाइल का आकार उपर्युक्तानुसार रहे ।
- स्कैनर में फोटोग्राफ/ हस्ताक्षर /बाएं हाथ के अंगूठे का निशान/हस्तलिखित घोषणा की इमेज पर एकदम किनारे पर crop करें, फिर अपलोड एडिटर में crop का प्रयोग कर इमेज को (ऊपर बताए अनुसार) अंतिम आकार दें ।
- स्कैनर में हस्ताक्षर की इमेज पर एकदम किनारे पर crop करें, फिर अपलोड एडिटर में crop का प्रयोग कर इमेज को (ऊपर बताए अनुसार) अंतिम आकार दें ।
- इमेज फाइल को JPG या JPEG फॉर्मेट में तैयार करें । उदाहरण के लिए फाइल का नाम : image01.jpg या image01.jpeg होना चाहिए। इमेज के आकार को फोल्डर फाइल की लिस्टिंग द्वारा या फाइल इमेज के आइकॉन पर माउस ले जा कर देख सकते हैं।
- MS Windows/MSOffice का प्रयोग करने वाले उम्मीदवार MS Paint या MS Office Picture Manager का प्रयोग कर दस्तावेज को आसानी से क्रमश: 50केबी (फोटोग्राफ तथा हस्तलिखित घोषणा) और 20KB (हस्ताक्षर तथा बाएं हाथ के अंगूठे का निशान) के.jpeg फार्मेट में तैयार कर सकते हैं। दस्तावेज स्कैन करके बनी हुई किसी भी फार्मेट की फाइल को File menu में 'Save As' विकल्प का प्रयोग करके आसानी से .jpg फार्मेट में सेव किया जा सकता है तथा Image मैनु में crop तथा resize विकल्प का प्रयोग करके फाइल आकार 50KB (फोटोग्राफ तथा हस्तलिखित घोषणा) तथा 20KB (हस्ताक्षर तथा बाएं हाथ के अंगूठे का निशान) से कम किया जा सकता है (पिक्सेल साइज के लिए कृपया उपर्युक्त प्वाइंट (i) तथा (ii) देखें) । अन्य फोटो एडिटरों में भी ऐसे विकल्प उपलब्ध हैं ।
- यदि फाइल का आकार और फार्मेट ऊपर बताए अनुसार नहीं हुआ तो error message दिखाई देगा ।
- ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को उनकी फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान तथा हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के लिए लिंक प्रदान किया जाएगा।

**दस्तावेज अपलोड करने का तरीका:**

- फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान तथा हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के लिए अलग-अलग लिंक रहेंगे।
- संबंधित लिंक अर्थात "Upload Photograph / Signature/left thumb impression/hand written declaration" पर क्लिक करें।
- फाइल पर क्लिक करके उसका चयन करें।
- 'Open/Upload' बटन पर क्लिक करें।

यदि आप अपना फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान तथा हस्तलिखित घोषणा विनिर्दिष्ट किए अनुसार अपलोड नहीं करेंगे तो आपका ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा।

**टिप्पणी:**

(1) यदि फोटो में आपका चेहरा अथवा हस्ताक्षर अथवा बाएं हाथ के अंगूठे का निशान अथवा हस्तलिखित घोषणा अस्पष्ट/फैली हुई हो तो उम्मीदवार का आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।

(2) ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/ हस्ताक्षर बाएं अंगूठे का निशान/ हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के बाद उम्मीदवार यह जांच लें कि इमेज स्पष्ट हैं तथा सही तरीके से अपलोड की गई हैं। यदि फोटो अथवा हस्ताक्षर अथवा बाएं हाथ के अंगूठे का निशान अथवा हस्तलिखित घोषणा स्पष्ठ रूप से दिखाई न दे तो उम्मीदवार आवेदन को संपादित करें तथा आवेदन फार्म प्रस्तुत करने से पहले फोटो अथवा हस्ताक्षर पुन: अपलोड करें।

(3) ऑनलाइन पंजीकरण के बाद उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन फार्म का सिस्टम से प्राप्त प्रिंटआउट निकाल लें।

**टिप्पणी:** यदि उपर्युक्त विज्ञापन के लिए कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर प्रदर्शित किया जाएगा ।

**परिशिष्ट-III**

**अधिकारी ग्रेड बी (सीधी भर्ती)-आनीअवि/सांसप्रवि के लिए चयन योजना**

**क. अधिकारी ग्रेड बी (सीधी भर्ती)-आनीअवि – 2019 - कार्य संबंधी अपेक्षाएं, चयन योजना तथा पाठ्यक्रम**

(i) **कार्य संबंधी अपेक्षाएं:** चुनिंदा क्षेत्रों के संबंध में आंकडों के संकलन के साथ-साथ आर्थिक विश्लेषण तथा अनुसंधान संचालित करना तथा नीति निर्माण में सहयोग करना।

(ii) **<u>चयन योजना</u>:**

चयन, ऑनलाइन/लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा। परीक्षा के लिए 3 प्रश्न-पत्र होंगे। प्रश्नपत्र - I वस्तुनिष्ठ प्रकार (अर्थशास्त्र पर) के लिए परीक्षा 9 नवंबर 2019 को आयोजित की जाएगी तथा प्रश्नपत्र-II तथा III के लिए परीक्षा 2 दिसंबर 2019 को आयोजित की जाएगी (तारीख की पुष्टि प्रवेश पत्रों में की जाएगी)।

| प्रश्न-पत्र | अवधि | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र - I वस्तुनिष्ठ स्वरूप (अर्थशास्त्र पर) | 120 मिनट | 100 |
| प्रश्न-पत्र – II वर्णनात्मक स्वरूप (अर्थशास्त्र पर)<br>(प्रश्नपत्र कंप्यूटर पर प्रदर्शित किया जाएगा, उत्तर कागज में लिखे जाने होंगे) | 180 मिनट | 100 |
| प्रश्न-पत्र – III अंग्रेजी-वर्णनात्मक स्वरूप का<br>(की बोर्ड की सहायता से टाइप किया जाना होगा) | 90 मिनट | 100 |
| **कुल** | | **300** |

प्रश्नपत्र-I के लिए संयुक्त रूप से 120 मिनटों का समय दिया जाएगा। परीक्षा के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी सूचना हैंडआउट में दी जाएगी जो डाउनलोड किए जाने के लिए परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

उम्मीदवारों को बोर्ड द्वारा निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने होंगे।

प्रश्नपत्र I में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र I में प्राप्त समग्र अंकों के आधार पर प्रश्नपत्र II/ प्रश्नपत्र III की परीक्षा के लिए चुना जाएगा। प्रश्नपत्र II/ प्रश्नपत्र III की परीक्षा के लिए चुने जाने के लिए न्यूनतम समग्र कट-ऑफ अंकों का निर्धारण बोर्ड द्वारा रिक्तियों की संख्या के आधार पर किया जाएगा। प्रश्नपत्र II/ प्रश्नपत्र III की परीक्षा के लिए चुने गए उम्मीदवारों के रोल नंबर प्रश्नपत्र I की परीक्षा के लिए लगभग एक सप्ताह के बाद भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जांएगे।

(iii) **प्रश्नपत्र II तथा III ऑनलाइन/लिखित परीक्षा:** प्रश्नपत्र I के परिणाम के आधार पर केवल चुने गए उम्मीदवारों के लिए प्रश्नपत्र II तथा III के लिए परीक्षा 2 दिसंबर 2019 को आयोजित की

जाएगी। प्रश्नपत्र II तथा III के लिए परीक्षा पालियों में आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों को सभी पालियों में उपस्थित होना होगा। प्रत्येक पाली के अलग प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। प्रश्नपत्र II तथा III के लिए समयसारिणी संबंधित उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र II तथा III के लिए प्रवेश पत्र जारी करने के समय भेजी जाएगी।

(iv) लिखित परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र (अंग्रेजी में प्रश्नपत्र III को छोड़कर) हिंदी तथा अंग्रेजी में तैयार किए जाएगा। प्रश्नपत्र II के उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं। प्रश्नपत्र III के उत्तर अंग्रेजी में ही लिखे जाने होंगे। उम्मीदवार हिंदी अथवा अंग्रेजी में साक्षात्कार दे सकते हैं।

(v) साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या बोर्ड द्वारा तय की जाएगी ।

(vi) अंतिम तौर पर चयन, लिखित परीक्षा (प्रश्नपत्र I, II एवं III) तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रूप से होगा ।

(vii) **पाठ्यक्रम:** (i) प्रश्नपत्रों का स्तर भारत के किसी भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री की परीक्षा का होगा। (ii) अंग्रेजी के लिए पाठ्यक्रम: निबंध, सार लेखन, बोधगम्यता, व्यावसायिक/कार्यालयीन पत्राचार ।

(viii) पढ़ने के लिए सुझाई गई सामग्री: भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रकाशन अर्थात वार्षिक रिपोर्ट, भारत में बैंकिंग की प्रवृति और प्रगति, मौद्रिक नीति रिपोर्ट तथा वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट तथा भारत सरकार द्वारा प्रकाशित पिछले दो वर्षो के आर्थिक सर्वेक्षण।

**ख. अधिकारी ग्रेड बी (सीधी भर्ती)-सांसूप्रवि –2019- कार्य संबंधी अपेक्षाएं, चयन योजना तथा पाठ्यक्रम**

(i) **कार्य संबंधी अपेक्षाए:** बैंकिंग, कॉरपोरेट तथा बाहरी क्षेत्रों के आंकड़े एकत्र करना, उनका संकलन, विश्लेषण तथा व्याख्या करना; मुद्रा स्फीति, वृद्धि तथा समष्टि अर्थशास्त्र के अन्य महत्वपूर्ण संकेतकों का प्रतिरूपण तथा पुर्वानुमान; भारतीय रिज़र्व बैंक के हित मे प्रचालन क्षेत्रों में सांख्यिकीय/अर्थमितीय प्रतिरूपों को शामिल करते हुए विश्लेषणात्मक अध्ययन; नमूना सर्वेक्षणों की आयोजना, डिजाइनिंग तथा आयोजन; सूचना प्रबंधन/प्रसार के लिए तकनीक आधारित केंद्रीकृत रिपोर्टिंग प्रणाली तथा डाटा वेयरहाउस का रखरखाव; तथा चर मदों के मापन तथा अनुमान के लिए तथा अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के डाटाबेस में सुधार के लिए कार्यपद्धति का विकास।

(ii) **चयन योजना:**

चयन, ऑनलाइन/लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा । परीक्षा के लिए 3 प्रश्न-पत्र होंगे । प्रश्नपत्र - I वस्तुनिष्ठ प्रकार (सांख्यिकी पर) के लिए परीक्षा 9 नवंबर 2019 को आयोजित की जाएगी तथा प्रश्नपत्र - II तथा III के लिए परीक्षा अलग से 2 दिसंबर 2019 को आयोजित की जाएगी (तारीख की पुष्टि प्रवेश पत्रों में की जाएगी)।

| प्रश्न-पत्र | अवधि | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र - I वस्तुनिष्ठ स्वरूप (सांख्यिकी पर) | 120 मिनट | 100 |
| प्रश्न-पत्र – II वर्णनात्मक स्वरूप (सांख्यिकी पर) | 180 मिनट | 100 |

| | | |
|---|---|---|
| (प्रश्नपत्र कंप्यूटर पर प्रदर्शित किया जाएगा, उत्तर कागज में लिखे जाने होंगे) | | |
| प्रश्न-पत्र – III अंग्रेजी-वर्णनात्मक स्वरूप का (की बोर्ड की सहायता से टाइप किया जाना होगा) | 90 मिनट | 100 |
| **कुल** | | **300** |

प्रश्नपत्र-I के लिए संयुक्त रूप से 120 मिनटों का समय दिया जाएगा। परीक्षा के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी सूचना हैंडआउट में दी जाएगी जो डाउनलोड किए जाने के लिए परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

उम्मीदवारों को बोर्ड द्वारा निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने होंगे।

प्रश्नपत्र I में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र I में प्राप्त समग्र अंकों के आधार पर प्रश्नपत्र II/ प्रश्नपत्र III की परीक्षा के लिए चुना जाएगा। प्रश्नपत्र II/ प्रश्नपत्र III की परीक्षा के लिए चुने जाने के लिए न्यूनतम समग्र कट ऑफ अंकों का निर्धारण बोर्ड द्वारा रिक्तियों की संख्या के आधार पर किया जाएगा। प्रश्नपत्र II/प्रश्नपत्र III की परीक्षा के लिए चुने गए उम्मीदवारों के रोल नंबर प्रश्नपत्र I की परीक्षा के लिए लगभग एक सप्ताह के बाद भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जांएगे।

(iii) **प्रश्नपत्र II तथा III ऑनलाइन/लिखित परीक्षा:** प्रश्नपत्र I के परिणाम के आधार पर केवल चुने गए उम्मीदवारों के लिए प्रश्नपत्र II तथा III के लिए परीक्षा 2 दिसंबर 2019 को आयोजित की जाएगी। प्रश्नपत्र II तथा III के लिए परीक्षा पालियों में आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों को सभी पालियों में उपस्थित होना होगा। प्रत्येक पाली के अलग प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। प्रश्नपत्र II तथा III के लिए समयसारिणी संबंधित उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र II तथा III के लिए प्रवेश पत्र जारी करने के समय भेजी जाएगी।

(iv) लिखित परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र (अंग्रेजी में प्रश्नपत्र III को छोड़कर) हिंदी तथा अंग्रेजी में तैयार किए जाएगा। प्रश्नपत्र II के उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं। प्रश्नपत्र III के उत्तर अंग्रेजी में ही लिखे जाने होंगे। उम्मीदवार हिंदी अथवा अंग्रेजी में साक्षात्कार दे सकते हैं।

(v) साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या बोर्ड द्वारा तय की जाएगी ।

(vi) अंतिम तौर पर चयन, लिखित परीक्षा (प्रश्नपत्र I, II एवं III) तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रूप से होगा ।

**पाठ्यक्रम:** प्रश्नपत्रों का स्तर भारत के किसी भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर डिग्री की परीक्षा का होगा।

**प्रश्नपत्र I:** इस प्रश्नपत्र में संभाव्यता, संभाव्यता की परिभाषा, मानक वितरण, छोटा और बड़ा नमूना सिद्धान्त, भिन्नता विश्लेषण, अनुमान, परिकल्पना की जांच, मल्टी-वैरिएट विश्लेषण तथा स्टॉकेस्टिक प्रोसेसेस से संबंधित प्रश्न शामिल रहेंगे ।

<u>**प्रश्नपत्र II:**</u> (i) संभाव्यता तथा नमूना चयन (ii) रेखीय मॉडल तथा आर्थिक सांख्यिकी (iii) सांख्यिकी अनुमान: अनुमान, परिकल्पना की जांच तथा नॉन-पैरामिटरिक परीक्षण (iv) स्टॉकेस्टिक प्रोसेसेस (v) मल्टी-वैरिएट विश्लेषण तथा (vi) अंक विश्लेषण तथा मूलभूत कंप्यूटर तकनीक। उम्मीदवारों को इस बात का पर्याप्त विकल्प उपलब्ध रहेगा कि वे दिए गए छ: समूहों में से किसी तीन या अधिक समूहों से अपेक्षित संख्या में प्रश्नों के उत्तर दें।

<u>**प्रश्नपत्र III:**</u> अंग्रेजी : निबंध, सार लेखन, बोधगम्यता तथा व्यावसायिक/कार्यालयीन पत्राचार।

**ग. अधिकारी ग्रेड बी (सीधी भर्ती)-आनीअवि/सांसूप्रवि दोनों की परीक्षाओं के आयोजन का तरीका:**

(i) **परीक्षाएं दो दिन अर्थात प्रश्नपत्र I - 9 नवंबर 2019 तथा प्रश्नपत्र II तथा III अलग से** 2 दिसंबर 2019 **(तारीख की पुष्टि प्रवेश पत्रों में की जाएगी) को आयोजित की जाएगी।**

(ii) **प्रश्नपत्र I** (अर्थशास्त्र/सांख्यिकी, जो भी हो, पर वस्तुनिष्ठ प्रकार का) की परीक्षा ऑनलाइन होगी तथा इसमें बहुविकल्पी प्रश्न होंगे।

(iii) **प्रश्नपत्र II** (अर्थशास्त्र/सांख्यिकी, जो भी हो,पर) पेन/कागज (उत्तर पुस्तिका) वर्णनात्मक प्रकार का होगा जिसमें प्रश्न कंप्यूटर स्क्रीन पर दर्शाए जाएंगे तथा यह एक पाली में 2 दिसंबर 2019 को आयोजित किया जाएगा।

(iv) **प्रश्नपत्र III** (अंग्रेजी) वर्णनात्मक प्रकार का होगा जिसमें उम्मीदवारों को कंप्यूटर पर उत्तर टाइप करने होंगे।

(v) बोर्ड को अधिकार है कि वह अपने विवेक पर परीक्षा की तारीखों में परिवर्तन कर सके।

**परिशिष्ट-IV**

**अधिकारी ग्रेड बी (सीधी भर्ती)-सामान्य-2019 के पद के लिए उपस्थित होने वाले अजा/अजजा/अपिव/बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण**

बैंक अजा/अजजा/ अपिव/बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए परीक्षा के चरण-I और II के लिए नि:शुल्क संयुक्त परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था उन केंद्रों पर करता है जहां उसके कार्यालय हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवार दिए गए फार्मेट में नीचे दिए गए केंद्रों (**) में से किसी एक केन्द्र, जो उनके लिए सुविधाजनक हो, के भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक/ महाप्रबंधक को अलग से केवल ईमेल द्वारा 11 अक्तूबर 2019 तक आवेदन कर सकते हैं । **उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के लिए अपने आवेदन भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड कार्यालय (बोर्ड) को नहीं भेजने चाहिए क्योंकि बोर्ड ऐसे आवेदनों पर विचार नहीं करेगा ।**

**प्रशिक्षण के लिए आवेदन फार्म**

क्षेत्रीय निदेशक/महाप्रबंधक
भारतीय रिज़र्व बैंक
मानव संसाधन प्रबंध विभाग
**________________

स्थान:
दिनांक:

महोदय/महोदया,

**परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण - अधिकारी ग्रेड 'बी' (सामान्य) – (सीधी भर्ती) – पैनल वर्ष 2019**

मैंने अधिकारी ग्रेड 'बी' (सामान्य) (सीधी भर्ती) – बैच वर्ष 2019 के पद के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड (भारिबैंसबो) को आवेदन किया है। कृपया अंग्रेजी/हिन्दी# माध्यम से दिए जानेवाले प्रशिक्षण के लिए मेरा नाम पंजीकृत करें । मेरी जाति/बैंचमार्क दिव्यांगता के प्रमाणपत्र की अनुप्रमाणित प्रति तथा शुल्क/सूचना प्रभार के ऑनलाइन भुगतान की रसीद की प्रति संलग्न है। मैं नोट करता/करती हूं कि प्रशिक्षण के लिए ठहरने और अपने सभी व्यय की व्यवस्था स्वयं करूंगा/करूंगी । मैं यह भी नोट करता/करती हूं कि प्रशिक्षण से मुझे परीक्षा में बैठने या बैंक की सेवा में भर्ती का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा ।

भवदीय/भवदीया
(हस्ताक्षर) नाम और पता………………..
अनंतिम पंजीकरण सं./प्राप्ति सं.…….

अनुलग्नक: जाति/ बैंचमार्क दिव्यांगता प्रमाणपत्र की अनुप्रमाणित प्रति तथा ऑनलाइन पंजीकृत आवेदन और शुल्क/सूचना प्रभार के ऑनलाइन भुगतान की रसीद की प्रति ।

# जो लागू न हो उसे काट दें ।

(नोट: उम्मीदवारों की संख्या पर्याप्त होने पर ही हिंदी में प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी)

**** केंद्रों के डाक पते तथा ई-मेल:** निम्नलिखित में से किसी एक केंद्र का चयन करें:

1. **अहमदाबाद:**आश्रम रोड, अहमदाबाद-380014 (rdahmedabad@rbi.org.in);
2. **बेंगलुरु:** 10/3/08, नृपतुंगा रोड, बेंगलुरु-560001 (rdbengaluru@rbi.org.in);

3. **भोपाल:**होशंगाबाद रोड, भोपाल-462011 (rdbhopal@rbi.org.in);
4. **भुवनेश्वर:** पं. जवाहरलाल नेहरु मार्ग, भुवनेश्वर -751001(rdbhubaneswar@rbi.org.in);
5. **चंडीगढ़:** सेंट्रल विस्टा, टेलीफोन भवन के सामने, सेक्टर 17, चंडीगढ़-160017 (rdchandigarh@rbi.org.in);
6. **चेन्नै:**16, फोर्ट ग्लेसिस, राजाजी सालै, चेन्नै -600001(rdchennai@rbi.org.in);
7. **गुवाहाटी:** स्टेशन मार्ग, पानबाजार, गुवाहाटी -781001(rdguwahati@rbi.org.in);
8. **हैदराबाद:** 6-1-56, सचिवालय मार्ग, सैफाबाद, हैदराबाद-500004 (rdhyderabad@rbi.org.in);
9. **जयपुर:** रामबाग सर्किल, टोंक रोड, जयपुर -302004(rdjaipur@rbi.org.in);
10. **जम्मू:** रेल हैड कॉम्प्लेक्स, जम्मू -180012 (rdjammu@rbi.org.in);
11. **कानपुर:**एम.जी. रोड, कानपुर -208001(rdkanpur@rbi.org.in);
12. **कोच्ची:** एर्णाकुलम उत्तर, कोच्ची -682018 (gminckochi@rbi.org.in);
13. **कोलकाता:** 15, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता -700001(rdkolkata@rbi.org.in);
14. **लखनऊ:** 8-9, विपिन खंड, गोमती नगर, लखनऊ -226010 (rdlucknow@rbi.org.in);
15. **नवी मुंबई:** प्लाट नं. 3, सेक्टर 10, एच.एच.निर्मलादेवी मार्ग, सीबीडी, बेलापुर, नवी मुंबई -400614(gmoicbelapur@rbi.org.in);
16. **नागपुर:** मुख्य कार्यालय भवन, डॉ. राघवेन्द्र राव रोड, सिविल लाईन्स, नागपुर -440001(rdnagpur@rbi.org.in);
17. **नई दिल्ली:** 6, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001(rdnewdelhi@rbi.org.in);
18. **पणजी:** 7वां तल, गेरा इम्पीरियम-II, पट्टो, पणजी, गोवा -403001(gmincpanaji@rbi.org.in);
19. **पटना:** दक्षिणी गांधी मैदान, पटना -800001(rdpatna@rbi.org.in);
20. **पुणे:** कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, विद्यापीठ मार्ग, पुणे-411016(principalcab@rbi.org.in);
21. **तिरूवनंतपुरम:** बेकरी जंक्शन, तिरूवनंतपुरम-695033 (rdthiruvananthapuram@rbi.org.in).